महत्वपूर्ण एवं खास

शरद पूर्णिमा पर महर्षि अजमीढ़ देव की जयंती मनाई

बिरकोनी (आरएनएस)। छग सोनार समाज अजमीढ़धाम कांपा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा पर महर्षि अजमीढ़ देव की जयंती सोनी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। पूर्वान्ह 11 बजे हवन-पूजन वेदाचार्य प. नंदकुमार सोनी ने संपन्न कराया। पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सोनी समाज के विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश सोनी, घनश्याम सोनी, जीवन सोनी, डॉ सोनी तुमगांव, भारती सोनी, लक्ष्मी सोनी, तारा सोनी, संजय सोनी, प्रहलाद सोनी, लक्ष्मण सोनी, एम लाल सोनी, ललित सोनी, कौशल सोनी, रामानंद सोनी, अश्वनी सोनी, चुड़ामणि सोनी, प्रदीप सोनी, प्रखर सोनी, सूरज सोनी, फलेन्द्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

शादी से मना करने पर छात्रा को किडनैप करने की कोशिश

महासमुंद (आरएनएस)। एक महाविद्यालयीन छात्रा को एक लडक़े ने कार में बिठाने की कोशिश की और नहीं बैठने पर मोबाइल व रुपए लूट लिया। छात्रा ने कार्रवाई के लिए कोतवाली प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। उसने बताया कि एक साल पहले उसकी आरंग निवासी लखन साहू के साथ मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों मोबाइल से बातचीत करते थे, लेकिन कुछ दिन से वह शादी के लिए दबाव डालने लगा तो उसने बातचीत बंद कर दी। शुक्रवार को जब वह कॉलेज जा रही थी उसी समय लखन साहू कार में दो लडक़ों को लेकर आया और जबरदस्ती बिठाने की कोशिश करने लगा। विरोध करने व सहेलियों के बीच बचाव करने पर उसे छोड़ा, लेकिन इसी बीच मोबाइल व कवर के पीछे रखे 2 हजार रुपए को लेकर फरार हो गया। बाद उसने सोशल मीडिया में अपने साथ वाली फोटो वायरल कर दी। युवती की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

अलग-अलग इलाकों से दो नाबालिग लड़की लापता

रायपुर (आरएनएस)। अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लडक़ी लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय प्रार्थिया ने मोवा थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में 40 वर्षीय प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय लडक़ी दशहरा के दिन से लापता है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर, 11 अक्टूबर (आरएनएस)। चंगोराभाठा डीडीनगर में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर चंगोराभाठा निवासी प्रार्थी योगेश यदु 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पीला, दीपक देवांगन, अमन व सोनू यदु ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि गंज मैदान बिजली खंबा के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी विकाश शर्मा 25 वर्ष व अन्य 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1300 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के हित संरक्षण और उनके उत्थान के लिए हो रहे निरंतर कार्य - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- राज्य में आरक्षण के लाभ से वंचित नहीं होंगे आदिवासी
- मुख्यमंत्री की घोषणा- भोरमदेव में बैगा आदिवासी समाज के संग्रहालय का होगा निर्माण
- पोस्ट मैट्रिक छात्रावास को 50 से 100 सीटर किया जाएगा
- कवर्धा में आयोजित आदिवासी समाज सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात अभियान अंतर्गत कवर्धा प्रवास के दौरान आज शाम शासकीय स्नोतकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित आदिवासी समाज सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में हमारी सरकार के बनते ही आदिवासियों के हित संरक्षण और उनके उत्थान के लिए लगातार कार्य हो रहे है। उन्होंने स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि राज्य में आरक्षण के लाभ से आदिवासी वंचित नहीं होंगे। इसके लिए आदिवासी समाज को किसी भी तरह से चिंतित होने की जरूरत नहीं है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक मती ममता चंद्राकर सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान आदिवासी समाज की मांग पर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज की संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए भोरमदेव में बैगा आदिवासी समाज के संग्रहालय निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कवर्धा स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास को 50 सीटर से बढ़ाकर 100 सीटर में उन्नयन करने और आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में अतिरिक्त कमरा के निर्माण की भी घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने विकासखंड बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाखार जंगल की छात्रा कु. राधना मेरावी के आईआईटी खडगपुर में चयन होने पर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए तीन लाख रूपये प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने संबोधित करते हुए आगे कहा कि राज्य में आदिवासियों की भलाई के लिए आदिवासी समाज की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर अनेक योजनाएं बनाई गई है और इनका पूरी संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत राज्य में आदिवासी संस्कृति को नई पहचान और बढ़ावा देने के लिए देवगुड़ी तथा घोटूल का विकास प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस तरह देवगुडियों और घोटूलों के संरक्षण और संवर्धन से राज्य में आदिम जीवन मूल्यों को पुर्नजीवित कर सहेजा एवं संवरा जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति को देश-दुनिया से परिचित कराने के लिए राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य जैसे गौरवशाली महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें गत वर्ष देश भर से विभिन्न राज्यों के अलावा अन्य 6 देशों के आदिवासी नर्तक समूहों ने भाग लिया था, इससे छत्तीसगढ़ की आदिम संस्कृति की ख्याति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुकी है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने राज्य में वन अधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जल-जंगल-जमीन पर आदिवासी समाज के अधिकारों को पुष्ट किया है। हमने राज्य में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र और सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार के साथ-साथ रिजर्व क्षेत्र में भी वन अधिकार प्रदान करना शुरू कर दिया है। जल-जंगल-जमीन पर अधिकार सुनिश्चित होने से सरकार पर आदिवासियों का विश्वास और मजबूत हुआ है। हम उन्हें यह विश्वास दिलाने में कामयाब हुए कि अब छत्तीसगढ़ में उनकी अपनी सरकार काम कर रही है।

रसोईघर में गैस फटा सिलेंडर, दंपति सहित 3 झुलसे

कोरबा (आरएनएस)। भोजन बनाने के दौरान परंपरागत चूल्हा का उपयोग करने के दौरान खास तौर पर महिलाओं को धुंआ के कारण हो रही परेशानी को रसोई गैस ने दूर जरूर किया हैए लेकिन खतरे भी बड़े हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इस के नजारे सामने आ रहे हैं। बालको नगर के संजय नगर क्षेत्र में मंगलवार को पूर्वान्ह हुई ऐसी ही घटना में दंपति सहित तीन लोग झुलस गए। बाल्को नगर के विभागीय अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। आज पूर्वान्ह 11 बजे के आसपास सेक्टर 1 काली मंदिर के नजदीक संजय नगर स्लम एरिया में यह घटना हुई।

जानकारी के अनुसार यहां पर चैन लाल यादव का परिवार निवासरत है। उसकी पत्नी मनीषा यादव सुबह दसवीं कक्षा में भोजन तैयार कर रही थी। नजदीक में ही उसकी जेठानी देवकी यादव मौजूद थी। बताया गया कि भोजन तैयार होने के दौरान ही अचानक गैस सिलेंडर जोर की आवाज के साथ फट गया। इससे आग का दायरा बढ़ गया। यहां पर कामकाज में लगी मनीषा ने सहायता के लिए आवाज लगाई। जिसे सुनकर मनीषा का पति चैनलाल यादव और जेठानी देवकी यादव तत्काल यहां पहुंचे। मनीषा को बचाने के चक्कर में यह दोनों भी काफी हद तक झुलस गए। लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग हरकत में

आए और यहां पहुंच कर अपने स्तर पर राहत और बचाव कार्य किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई। आनन.फानन में एंबुलेंस के जरिए तीनों पीड़ितों को बाल्को नगर के विभागीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर बर्न यूनिट में उनका उपचार किया जा रहा है। खबर मिलने पर विविध क्षेत्रों के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल जाना। घनी आबादी वाले क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने की घटना की खबर ने लोगों को भयभीत कर दिया है। स्थानीय पुलिस की टीम ने यहां का मुआयना करने के साथ आसपास के लोगों से जानकारी हासिल की। घटना कैसे और क्यों हुई इसका खुलासा आगे की जांच में होने की उम्मीद है।

लोगों की जानकारी के लिए बताना आवश्यक है कि सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं के द्वारा रजिस्टर्ड कनेक्शन मामले में उनके गैस सिलेंडर इन्श्योर होते हैं। आपात स्थिति में मृत्यु होने पर पीड़ित पक्ष क्षतिपूर्ति का हकदार होता है। लेकिन इसके लिए जो शर्तें बनाई गई है उनकी पूर्ति करनी होती है। खबर के मुताबिक रसोई घर के वेंटिलेटर की ऊंचाईए स्वीच बोर्ड की दूरी और समय पर गैस का पाइप बदलने जैसा पैरामीटर अहम होते हैं। घटना होने पर गैस कंपनी को इसकी सूचना देने के बाद उसके द्वारा जांच की जाती है।

कटघोरा वनमंडल के केंदई व बैकुंठपुर के बार्डर पर पहुंचे हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज अंतर्गत छिंदिया क्षेत्र में डेरा डालकर उत्पात मचाने वाला 44 हाथियों का दल बीती रात आगे बढक़र केंदई व बैकुंठपुर वन परिक्षेत्र की सीमा पर पहुंच गए। हाथियों ने जाने से पहले एक बार फिर छिंदिया व आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान किसानों के खेतों व बाड़ी में पहुंचकर वहां लगे धान व मक्का के फसलों को रौंद डाला। वन विभाग हाथियों को लेकर काफी सतर्क है और लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। वन अमले का प्रयास यह है कि हाथियों का यह दल फिर वापस न लौटने पाए। हाथियों ने इससे पहले पसान रेंज में लगभग एक पखवाड़े तक डेरा डालकर लगातार उत्पात मचा रहा था और वन विभाग तथा ग्रामीणों के नाकों में दम

कर रखा था। काफी मशक्कत के बाद हाथियों ने केंदई रेंज का रूख किया था। केंदई रेंज में भी हाथियों ने अपना उत्पात जारी रखा। इस दौरान ग्रामीणों के घरों को तोडऩे के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। जिससे ग्रामीण व वन अमला काफी परेशान था। हाथियों के बार्डर पहुंचने से अन्यत्र जाने की संभावना बढ़ गई है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे ग्रामीण

- जिला वनोपज संघ अध्यक्ष ने किया प्रतियोगिता का शुभांरभ

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में युवाओं से लेकर बुजुर्ग उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। तुमगांव नगर पंचायत में आयोजित प्रतियोगिता का जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर ने शुभारंभ किया।

जिले में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। नगरपंचायत तुमगांव में वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर ने छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का शुभांरभ किया। इस दौरान चंद्राकर ने गिल्ली

डंडा व पि ूल खेलकर अपनी पुराने दिनों की यादें ताजा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की संस्कृति को आगे ले जाते हुए स्थानीय खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करना है। साथ ही नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करना है। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद, राजीव मितान क्लब के विधानसभा संयोजक रेखराज पटेल, व्यंकटेश चंद्राकर, गौतम सिन्हा, ओमप्रकाश यादव, केके साहू, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन, हर्ष शर्मा, तारिणी चंद्राकर, मानिक साहू आदि मौजूद रहे। इसी तरह रविवार को अछोली, सिरपुर, पासिद, चुहरी, सुकुलबाय, मरौद, गढ़सिवनी, पीढ़ी, कुकराडीह, परसाडीह, खैरझिटी, कौवाझर, मालीडीह, बांसकुडा, लोहारडीह, भोरिंग, बेलटूकरी आदि गांवों में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

बेटा-बहू को दशहरा मेला देखने भेजकर महिला ने लगाई फांसी

कोरबा (आरएनएस)। पुत्र एवं बहू को दशहरा के उपलक्ष में रावण दहन कार्यक्रम तथा मेला देखने के लिए भेजकर घर में अकेली महिला ने मकान के डेहरी में अपनी साड़ी से फांसी लगाकर लटकी हुई थी। परिजनों के वापस लौटने पर जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई।

पाली थानांतर्गत पुलिस चौकी चैतमा के वन्य ग्राम सपलवा में फांसी लटकी लाश मिलने के मामले का विस्तृत खुलासा तब हुआ जब वहां मर्ग विवेचना में चौकी से पहुंचे

प्रधान आरक्षक प्रकाश रजक ने शिनाख्त एवं जांच प्रक्रिया शुरू की। चूंकि उक्त घटना स्थल तक पुलिस को पहुंचने में काफी समय लग चुका था। इसलिए यह पूरा मामला पहेली बना हुआ था। प्रधान आरक्षक रजक ने इस मामले के सूचक जयराम सिंह धनुहार उम्र 40पिता कृपाराम धनुहार को बुलवाया तो उसने बताया कि मृतका का नाम अकल्पना उम्र 52 पति मुनीलाल धनुहार है। उसकी एक बेटी प्रमिला तथा एक पुत्र विक्रम उसके साथ रहते थे। मृतका कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। हालांकि उसका इलाज भी उसके पुत्र एवं पुत्री द्वारा दवाओं एवं झाडफ़ूंक के माध्यम से कराया जा रहा था। इन दिनों वह कुछ सामान्य दिख रही थी मगर घटना दिनांक 9अक्टूबर को अपने पुत्र एवं बहू तथा पुत्री को दशहरा में रावण दहन कार्यक्रम तथा मेला देखने जाने के लिए उसने भेज दिया और इसी दौरान मकान के डेहरी में खुद पहनी हुई साड़ी से ही फांसी का फंदा बनाकर झूल गई थी। दशहरा मेला देखकर जब अकल्पना बाई का पुत्र विक्रम एवं पुत्री प्रमिला व बहू लौटे तो इस बात की जानकारी हुई। जिसके बाद ही सुबह पाली थाना पुलिस को इस घटना की जानकारी गांव के सरपंच के माध्यम से फोन पर दी गई थी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है।

अंतरराष्ट्रीय आदि क्वीन उत्सव का चार दिवसीय आयोजन कल से

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगी राज्यपाल अनुसुईया उइके, 16 के आयोजन के मुख्यअतिथि होंगे सीएम

रायपुर (आरएनएस)। ट्राइवल क्वीन आदि उत्सव का आयोजन छग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के मध्य 30 राज्यों के प्रतिभागियों के मध्य आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की आदिवासी आबादी को उनके विकास अर्थ एवं संस्कृति को प्रसारित करते हुए उनका हक दिलाना है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. चिदात्मिका खटुवा एवं कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप मोहंती ने दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि पिछली बार 2018 में कलिंगा गौरव अवार्ड से प्रारंभ हुआ जनजातीय रानी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया था इस वर्ष 16 अक्टूबर को विजयी प्रतिभागियों को दिल्ली में दिसंबर 22 में बहुसंख्यक देशों के मध्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। चिदात्मिका ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आयोजन स्थल दीनदयाल उपाध्याय हाल में 13 अक्टूबर को बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल अनुसुईया उइके शुभारंभ करेंगी। अन्य अतिथियों में सांसद सुनील सोनी, राज्य सूचना आयोग के आयुक्त एमके राउत, विधायक सत्यनारायण शर्मा, डॉ. मुकेश वर्मा कुलपति स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि भिलाई, केएल वर्मा कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर संदीप अरोरा कुलाधिपति कलिंगा विवि रायपुर मेघपाल सिंह कार्यकारी निदेशक जायसवाल निको इस्पात उद्योग होंगे जबकि 14 के आयोजन में शशांक रस्तोगी डिस्टिक गवर्नर डॉ. अरूणा पाटले कुलपति हेमचंद यादव विवि दुर्ग डॉ. मोनिका से ी कुलपति केएम मोदी विवि दुर्ग, डॉ. आर श्रीधर कुलपति कलिंगा विवि रायपुर होंगे। 15 के आयोजन में प्रतिभागियों के मध्य सेमीफाइनल प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें मुख्य अतिथि अमरजीत भगत संस्कृति मंत्री सत्यनारायण शर्मा विधायक लकेश्वर वर्मा विधायक चेयरमैन बस्तर विकास प्राधिकरण सुनील सन्नी अग्रवाल चेयरमेन भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य एवं विकास उपाध्याय विधायक पश्चिम होंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बालको ने त्यौहारों पर आय सृजन के लिए 300 महिलाओं को किया प्रशिक्षित

कोरबा (आरएनएस)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने त्यौहारों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूह एसएचजी हेतु नई पहल की है। कंपनी के उन्नति परियोजना के अंतर्गतप्रशिक्षिण के माध्यम से एसएचजी सदस्यों हेतु विभिन्न उत्पाद बनाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यशालाओं के माध्यम सेबालको प्रतिभागियों को अपने लिए राजस्व और आय सृजन के लिए अतिरिक्त स्त्रोत बनाने में मददकर रहा है। त्यौहारोंके उमंग एवं उत्साह को बढ़ावा मिल रहा है।

बालको ने रक्षा बंधन त्यौहार के दौरान अपने सामुदायिक परियोजना के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाओं की शुरुआत की थी। त्यौहारसे पहले सदस्यों ने हस्तनिर्मित राखियां बनाई और बेचीं। वहीं गणेश चतुर्थी त्यौहार पर नर्मदा नदी से निकाली गई पवित्र मिट्टी और गंगा नदी के पानी से भगवान गणेश की पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां बनाई। नई पहल होने के बावजूदएसएचजी सदस्यों ने गणेश की अधिकांश मूर्तियों को बेचने में सफलता हासिल की जो उनकी मेहनत एवं गुणवत्ता को दर्शाता है।

दिवाली त्यौहारके मद्देनजर एसएचजी सदस्यों ने स्थानीय महिलाओं के विविध हितों को ध्यान में रखते हुए कई प्रशिक्षण सत्रों की पेशकश की है। वर्तमान संचालित कार्यशालाश्कला प्रशिक्षणश् औरश्हस्तनिर्मित चॉकलेटश् सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को बुनियादी ड्राइंग एवं पेंटिंग कौशल और स्वादिष्ट चॉकलेट बनाने की विधि सिखाई जा रही है। इसके अलावा छत्तीसाश् पहल की शुरूआत की है जिसमें पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाना सिखाया जा रहा है। कार्यशाला की मदद से अब तक 300 से ज्यादा एसएचजी सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि हम समाज की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्थानीयमहिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अनेक अवसर बालको की परियोजना उन्नति के जरिए उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं। इससे उन्हें समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी। पति ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर लेकर जाने में अपना योगदान दें। बालको प्रबंधन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है।

स्वयंसेवी संगठन जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सोल्यूशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेक्स मेहता कहते हैं कि बालको सामुदायिक विकास के चहुंमुखी प्रयासों के अंतर्गत उन्नति परियोजना सफलता का एक उदाहरण है। उन्नति परियोजना के अंतर्गत महिला सबलीकरण के उद्देश्य से आर्थिक समावेशन एवं स्वावलंबन, समूह तथा सामाजिक सुदृढ़ीकरण के आधार स्तंभों को लक्षित किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी से यह परियोजना नई ऊंचाइयों को छूएगी।

लाभार्थीधनेश्वरी गोस्वामी ने बताया किचॉकलेट बनाने का अनुभव वाकई में बहुत अच्छा था। हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी